नवभारत

मेट्रो 3 सातवें पैकेज का काम पूरा

125 दिनों में 568 मीटर सुरंग तैयार

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने 568 मीटर सुरंग तैयार कर मेट्रो 3 के सातवें पॅकेज का काम पूरा कर लिया है. वैनगंगा 2 नाम की टनल बोरिंग मशीन ने 23 अगस्त 2017 को सारीपुर नगर से सिप्झ के बीच भूमिगत मार्ग तैयार करने की शुरुआत की थी. बुधवार को वैनगंगा 2 ने खुदाई का काम पूरा कर सिप्झ तक पहुंच गई है.

15 किलोमीटर मार्ग बना

अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीन की मदद से एमएमआरसी अब तक मेट्रो 3 के लिए 15 किलोमीटर तक भूमिगत मार्ग तैयार कर चुकी है. एमएमआरसी की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए मेट्रो 3 मार्ग के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट, आरे कॉलोनी स्टेशन को वर्सोवा-अंधेरी - घाटकोपर मेट्रो 1 और स्वामी समर्थ नगर- जोगेश्वरी- कांजुरमार्ग-विक्रोली मेट्रो 6 से जोड़ा जाएगा. ताकि मुंबईकर आसानी से महानगर के प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंच सकें.

एमएमआरसी ने 250 से अधिक इंजिनियर और कर्मचारियों की सहायता से 125 दिनों में मेट्रो 3 के पॅकेज 7 का काम पूरा कर लिया है. पॅकेज 7 के 7.7 किलोमीटर मार्ग तैयार करने में 11 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी बाहर निकलने वाली है.

रोजाना बन रहा 13 मीटर मार्ग

92 मीटर लंबी वैनगंगा 2 रोजाना 10 से 13 मीटर तक भूमिगत मार्ग तैयार करती है. विशालकाय टनल बोरिंग मशीन ने जमीन के भीतर पत्थर की बड़ी-बड़ी चट्टानों को काट कर मेट्रो के लिए रास्ता बनाया है. मुंबईकरों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.5 किलोमीटर लंबा मेट्रो तैयार किया जा रहा है. जिसका कार्य वर्ष 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. 27 स्टेशनों वाले मेट्रो 3 कॉरिडोर में 26 स्टेशन भूमिगत होंगे जबकि केवल 1 स्टेशन ही जमीन पर होगा.

स्टेशनों के नाम

कफ परेड,विधान भवन, चर्चगेट,हुतात्मा चौक, सीएसटी मेट्रो, कालवा देवी, गिरगांव, ग्रांट रोड, मुंबई सेंट्रल, महालक्ष्मी मेट्रो, साइंस म्यूजियम, आचार्य अत्रे चौक, वर्ली, सिद्धिविनायक, दादर मेट्रो , शीतला देवी, धारावी, बीकेसी मेट्रो, विद्यानगरी, सांताक्रुज, सीएसआईए डोमेस्टिक एयरपोर्ट, सहार रोड, सीएसआईए इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मरोल नाका, एमआईडीसी, सीप्झ.

Navabharat Mumbai Edition
27 Dec, 2018 Page No. 5